Brijesh.

प्रश्न: मुद्रास्फीति क्या है? हाल के वर्षों में भारत की मुद्रास्फीति दर में आयी उछाल के पीछे कौन से कारक तत्व कार्य कर रहे थे? (250 शब्द)

उत्तर: मुद्रास्फीति को दो आधारों पर परिभाषित किया जा सकता है :-

उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में हुई वृद्धि से उत्पन्न मूल्य वृद्धि को मुद्रास्फीति कहते हैं। दूसरी ओर, किसी घरेलू अथवा वाह्य कारक के प्रभाव से मुद्रा के मूल्य में होनेवाली कमी से उत्पन्न स्थिति को भी मुद्रास्फीति कहते हैं। अल्पविकसित अर्थव्यवस्था में एक निश्चित सीमा तक मुद्रास्फीति से उत्पादन प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलता है। इस कारण ऐसी अर्थव्यवस्थाओं हेतु यह लाभदायक सिद्ध होती है। लेकिन निश्चित सीमा के उपरांत मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होती है।

हाल के वर्षों में भारत में मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि के कई कारण हैं। इन कारणों में मुख्य है - अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि। पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि का मुख्य कारण यह था कि मध्य पूर्व के तेल उत्पादक राष्ट्रों (गल्फ कंट्रीज) में राजनीतिक अस्थिरता का दौर तथा उससे उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ओपेक सदस्यों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य में भारी वृद्धि। चूँकि भारत द्वारा 70% तेल आयात किया जाता है, अतः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जब भी पेट्रोल के मूल्य बढ़ते हैं तो इसका प्रत्यक्ष प्रभाव भारत पर पड़ता है। वर्तमान में विश्व की राजनीति 'तेल की राजनीति' में तब्दिल हो गयी है और तेल व्यापार को विकसित राष्ट्र ही अपने नियंत्रण में रखे हुए हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव भारत जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

इसके अतिरिक्त विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष इत्यादि समूहों की नीतियों के कारण भी महंगाई में वृद्धि हुई है। भूमंडलीकरण की नीति ने भी महंगाई में वृद्धि में सहयोग किया है। महंगाई के लिए सरकार की उदारवादी नीतियाँ भी जिम्मेवार हैं। सब्सिडी कम कर के, ई. पी. एफ. में कटौती करना महंगाई वृद्धि का महत्वपूर्ण कारण है। हाल के वर्षों में मॉनसून का असमान वितरण से कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा की स्थिति बनी रही, जिससे उत्पादन में कमी आई और फलस्वरूप महंगाई में तेजी से वृद्धि हुई।

स्पष्टतः आवश्यक वस्तुओं तथा ईंधन के मूल्य में हुई वृद्धि से उत्पन्न महंगाई के कारण मुद्रास्फीति के दर में अप्रत्याशित उछाल आया, लेकिन सरकार ने वर्तमान समय में इस पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है, जो कि सुखद है।